प्रेस नोट दिनांक 13.04.2025
थाना अलीगंज जनपद बरेली।

थाना अलीगंज, बरेली पुलिस द्वारा थाना अलीगंज क्षेत्र से गुमशुदा 03 बहनों को बरामद कर परिवार के सुपुर्द किया गया।

दिनांक 10.04.2025 को थाना अलीगंज पर आगन्तुक/वादी श्री नरेन्द्र पाल पुत्र रामचन्द्र पाल नि0 ग्राम इस्माईलपुर थाना विशारतगंज बरेली ने थाना आकर तहरीरी सूचना दर्ज करायी कि स्वयं की 03 पुत्री 1. भावना पाल उम्र 16 वर्ष 2. चांदनी पाल उम्र 12 वर्ष 3. गौरी उम्र 10 वर्ष के दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 09.30 बजे अपने घर ग्राम इस्माईलपुर थाना विशारतगंज से स्कूल प्रताप समाज कल्याण इण्टर कालेज रुद्रपुर गौटिया थाना क्षेत्र अलीगंज में पढने को कह कर गयी थी, जिनके स्कूल से घर वापस न आने के सम्बन्ध में वादी की तहरीरी सूचना पर तत्काल ही थाना पुलिस द्वारा मु0अ0स0 105/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचना से ज्ञात हुआ कि तीनों बहने स्कूल ना जाकर आंवला रेलवे स्टेशन पर चली गयी थी। वहाँ से वादी की पुत्री भावना पाल अपनी दोनो बहनों को लेकर ट्रेन से लखनऊ चली गयी थी। जिसके पश्चात तीनों बहने लखनऊ से पुनः ट्रेन से बरेली जंक्शन स्टेशन पर आयी और बरेली जंक्शन स्टेशन से आँवला स्टेशन पर गुमशुदा भावना पाल दि0 11.04.2025 को अपनी दोनों बहनों चाँदनी पाल व गौरी को आँवला स्टेशन पर ही छोड़ कर फिर से ट्रेन में बैठ कर दिल्ली को चली गयी। थाना अलीगंज पुलिस द्वारा दिनांक 11.04.2025 को समय 21.30 बजे चाँदनी पाल व गौरी को मण्डोरा तिराहे से बरामद किया था । आज दिनांक 13.04.2025 को प्रातः 07.04 बजे वादी की बड़ी पुत्री भावना पाल को भी आंवला स्टेशन से बरामद किया गया।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली के आदेशानुसार तीनों गुमशुदाओं की शीघ्र अति शीघ्र बरामदगी हेतु विशेष निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक अलीगंज द्वारा तीन टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर तीनों गुमशुदा बहनों की बरामदगी हेतु प्रयास किये जा रहे थे। दिनांक 11.04.2025 को समय 21.30 बजे मुखबिर की सूचना पर गुमशुदा तीनों में से दो बहनों चांदनी पाल व गौरी को आंवला रोड मण्डोरा तिराहे से बरामद किया गया। आज दिनांक 13.04.2025 को प्रातः 07.04 बजे मुखबिर की सूचना पर शेष गुमशुदा भावना पाल को आंवला रेलवे स्टेशन के बाहर से सकुशल बरामद कर लिया गया है। जिनके सम्बन्ध में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

पूछताछ-

भावना पाल से परिवार की मौजूदगी में पूछताछ की गयी तो बताया कि हमारी माता मुझे अधिक फोन चलाने को लेकर डाटती थीं। इसी बात से नाराज हो कर मैंने घर से अपनी दोनो बहनों के साथ भागने की योजना बनाई थी। दि0 10.04.2025 को हम तीनों बहनें घर से स्कूल के लिए निकली थीं। मैं अपनी दोनों बहनों के साथ आंवला स्टेशन पर आ गयी थी। जहाँ से हम तीनों ट्रेन में बैठ कर लखनऊ चले गये । चांदनी पाल व गौरी ने मुझ से वापस घर जाने के लिए कहा तो मैं अपनी दोनों बहनों के साथ लखनऊ से वापस बरेली को आ गयी और अपनी दोनों बहन चाँदनी व गौरी को आंवला स्टेशन पर छोड़ कर फिर से ट्रेन में बैठ कर दिल्ली को चली गयी । जहां से आज मैं पुनः आंवला रेलवे स्टेशन बरेली वापसी आयी थी।

पुलिस टीम-

1. राजित राम प्र0नि0 थाना अलीगंज बरेली।
2. व0उ0नि0 सईद खाँ थाना अलीगंज बरेली।
3. उ0नि0 मुकेश कुमार थाना अलीगंज बरेली।
4. उ0नि0 अब्दुल कादिर थाना अलीगंज बरेली।
5. हे0कां0 511 राजेन्द्र सिंह थाना अलीगंज बरेली।
6. हे0कां0 538 रोहित कुमार थाना अलीगंज बरेली।
7. म0कां0 80 ऊषा थाना अलीगंज बरेली।
8. म0कां0 3393 ज्योत्स्ना थाना अलीगंज बरेली।
9. म0कां0 951 सुधा मिश्रा थाना अलीगंज बरेली।